
# कांग्रेस चक्काजाम करती रही और भाजपा यात्रियों को पिलाती रही पानी

## इंदौर और उज्जैन दो बड़े संभाग के आंदोलन में भीड़ नहीं जुटा पाई कांग्रेस

**शाजापुर/मक्सी। कांग्रेस ने किसानों के लिए चक्काजाम किया, लेकिन आंदोलन और चक्काजाम में न तो किसान नजर आए और न ही उतनी भीड़, जितना दावा किया जा रहा था। कार्यकर्ता कम, नेताओं की भरमार थी। उज्जैन, भोपाल के जिलों का यह आंदोलन मक्सी के पास रोजवास टोल पर रखा गया था, लेकिन उतनी भीड़ नहीं आई, जितनी उम्मीद की जा रही थी। दो संभाग का यह आंदोलन कांग्रेस का फ्लॉप शो साबित हुआ। वहीं दूसरीओर पुलिस ने भी यातायात जाम की स्थिति को देखते हुए मार्ग डायवर्ट किए थे, जिससे हाईवे पर जाम की स्थिति ना के बराबर थी।**





**लग ही नहीं रहा था कि कांग्रेस का चक्काजाम है, क्योंकि न तो वाहनों की लंबी कतारें थी और न ही जाम के हालात थे। वहीं दूसरी ओर भाजपा विधायक और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के इस जाम को देखते हुए सड़क से निकलने वाले यात्रियों के लिए जगह-जगह ठंडे पानी की व्यवस्था की।**

गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा गेहूं खरीदी को लेकर किसान के पक्ष में हाईवे पर चक्काजाम का आयोजन किया गया था, जिसमें उज्जैन और भोपाल संभाग के किसानों को बुलाया गया था, लेकिन कार्यक्रम में किसान न के बराबर, कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता ही नजर आए। यहां तक कि मंच पर कांग्रेस नेताओं की भरमार थी और उन्हें सुनने वाले उनकी पार्टी के ही कार्यकर्ता थे। जिन किसानों के लिए उन्होंने चक्काजाम किया था, पूरे आंदोलन में किसान नजर नहीं आए।

### किसान नेता नजर आए, किसानों को टोटा पड़ा


जिस किसान के लिए कांग्रेस चिंतित है, वो किसान तो नजर नहीं आए, लेकिन बड़े किसान नेता जरूर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते दिखाई दिए। कहने को बड़ा आंदोलन था, लेकिन जितनी भीड़ आनी थी, उतनी भी नहीं ला पाए इस चक्काजाम आंदोलन में। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी लगभग एक घंटे से अधिक समय तक गेहूं की ट्रॉली पर बैठे रहे और दूसरी तरफ मंच सजा था, जिस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भाषण दे रहे थे। उस समय ऐसा लगा कि कांग्रेस के दो मंच सज गए हों। विधायक महेश परमार की यदि भीड़ हटा दी जाए, तो इस चक्काजाम महा आंदोलन को फ्लॉप शो ही कहा जा सकता है।

### पुलिस ने भी प्यासे कंठों को किया तर...

चक्काजाम को देखते हुए जो हाईवे से गुजरने वाले वाहन थे। उन्हें इस भीषण गर्मी में पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के निर्देश पर यातायात प्रभारी द्वारा ठंडे पानी की व्यवस्था कीगई, ताकि किसी भी राहगीर को इस भीषण गर्मी में पानी की दिक्कत न हो। पुलिस ने इतनी चाक चौबंद व्यवस्था की थी कि कहीं भी जाम नजर नहीं आया। कुछ हद तक तो कांग्रेस के इस जाम को पुलिस ने ही फ्लॉप कर दिया। क्योंकि जगह-जगह वाहनों का मार्ग डायवर्ट करने से पूरे हाईवे पर कहीं भी जाम नजर नहीं आया। लगा ही नहीं कि कांग्रेस का चक्काजाम आंदोलन है।

### बमुश्किल हजार-डेढ़ हजार लोग आंदोलन में हुए शामिल

चक्काजाम आंदोलन के दौरान कार्यकर्ताओं के लिए पानी की व्यवस्था कांग्रेस पार्टी ने की थी। वहीं दूसरी ओर चक्काजाम को देखते हुए शाजापुर विधायक अरुण भीमावद और भाजपा नगर अध्यक्ष सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोजवास टोल के पास पहुंचकर जाम में फंसे राहगीरों को ठंडा पानी पिलाया। इस अवसर पर विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि आठ जिलों से बुलाए गए किसान भी नहीं आए कांग्रेस के कार्यक्रम में। बमुश्किल हजार-डेढ़ हजार लोग इस आंदोलन में शामिल हुए। कांग्रेस का यह आंदोलन पूरी तरह फ्लॉप शो साबित हुआ। भीमावद ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार किसानों के साथ खड़ी है और समय-समय पर उनकी सुख-समृद्धि के लिए उन्हें सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दे रही है।



## एक नजर में

### नहीं मिल रही पीएम आवास योजना की राशि

**मोहन बड़ोदिया** । प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि शासन स्तर से लंबित होने से हितग्राही परेशान हो रहे हैं। ब्लॉक समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण शंकरलाल राठौर ने कहा कि विगत मार्च से अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि नहीं डल रही है। क्योंकि प्रधानमन्त्री आवास योजना अंतर्गत शासन स्तर से किश्त लंबित है। वहीं ब्लॉक समन्वयक ने बताया कि राशि मार्च से नहीं डली है और मार्च के एफटीओ बने हैं, वो भी अभी तक क्लीयर नहीं हुए हैं और नया एफटीओ अभी क्लीयर रूप से ही बंद हैं। क्योंकि एसएनए स्पर्श लागू हुआ, जिसमें प्रकिया के दौरान पांच से छह महीने तक किसी भी हितग्राही को राशि नहीं डली। इससे भुगतान प्रभावित रहा। इसके उपरांत भुगतान चालू हुआ। वो भी धीमी गति से भुगतान हितग्राहियों के खाते में जा रहा है। कुछ हितग्राहियों को राशि खाते में चली जाती है, किंतु पोर्टल पर अपडेट नहीं होती। इससे हितग्राही और जनपद कर्मचारी भी परेशान हैं। वहीं ब्लॉक समन्वयक ने कहा कि पूर्व की तरह भुगतान प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि हितग्राही परेशान ना हों। मामले में जनपद सीईओ अमृतराज सिसोदिया का कहना है कि शासन स्तर से लंबित है। जल्द ही समाधान किया जाएगा।

### खरीफ बोवनी के लिए खाद का पर्याप्त भंडार

**आगर-मालवा** । खरीफ फसलों की बोवनी की तैयारी को लेकर प्रदेश में किसानों के लिए खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 6 ।40 लाख मेट्रिक टन यूरिया, 1 ।57 लाख मेट्रिक टन डीएपी, 3 ।56 लाख मेट्रिक टन एनपीके तथा 3 ।50 लाख मेट्रिक टन एसएसपी खाद उपलब्ध है। इस प्रकार डीएपी एवं एनपीके मिलाकर कुल 5 ।13 लाख मेट्रिक टन खाद का भंडारण उपलब्ध है। वैश्विक परिस्थितियां विषम होने के बावजूद भारत सरकार द्वारा प्रदेश में उर्वरकों की आपूर्ति तय कार्यक्रम के अनुसार लगातार एवं निर्बाध रूप से की जा रही है। प्रदेश में उपलब्ध खाद की जानकारी सोसायटीवार, मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रवार तथा निजी दुकानवार ई विकास पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी आवश्यकता अनुसार खाद की बुकिंग ई विकास पोर्टल के माध्यम से अपनी सोसायटी अथवा मनपसंद दुकान से कर सकते हैं तथा बुकिंग उपरांत सुविधानुसार खाद प्राप्त कर सकते हैं। ई विकास प्रणाली में राजस्व पट्टाधारी, वन पट्टाधारी, सिकमी किसान, शारीरिक रूप से अक्षम किसान, वृद्ध किसान, मृतक किसान के वारिसान तथा धार्मिक संस्थान एवं ट्रस्ट की भूमि के लिए भी खाद उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान की गई है।

### सिविल अस्पताल में फायर सेफ्टी प्रशिक्षण

**शुजालपुर** । सिविल अस्पताल शुजालपुर में बुधवार को फायर सेफ्टी वीक के तहत जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसमें अस्पताल स्टाफ को आगजनी जैसी आपात स्थितियों से निपटने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम में डॉ ।प्रवेण द्विवेदी ने कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय शांत रहकर सुरक्षित निकासी प्रक्रिया अपनाने की जानकारी दी। साथ ही अस्पताल में लगाए गए अग्निशामक यंत्रों के उपयोग एवं संचालन की विधि का प्रदर्शन भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्युत उपकरणों के सुरक्षित उपयोग, शॉर्ट सर्किट से बचाव तथा संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा नियमों का पालन और जागरूकता किसी भी बड़ी दुर्घटना को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर अस्पताल का पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ, कार्यालयीन कर्मचारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खेत विवाद में खूनी संघर्ष, महिलाओं के बीच भी जमकर मारपीट

**शुजालपुर** । क्षेत्र के फुलेन गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खेत पर हुए इस विवाद में पुरुषों के साथ महिलाओं के बीच भी जमकर मारपीट हुई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें महिलाएं एक-दूसरे से भिड़ती नजर आ रही है। धक्का-मुक्की के दौरान कुछ महिलाएं जमीन पर गिर गईं, जबकि मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यह स्थिति खेत के सीमांकन के दौरान शासकीय अमले की उपस्थिति में होना बताया गया, हालांकि शासकीय अधिकारी या कर्मचारी के साथ कुछ नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार एक पक्ष की ओर से आकाश राव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि अमन पंवार, पप्पू पंवार, अरुणा, मनीषा सस्ते, अनीता, गोलू व निधि पंवार ने खेत के विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शिकायत में अमन पंवार द्वारा लोहे की पाइप से अशोक राव पर हमला करने का आरोप लगाया गया है। बीच-बचाव करने पहुंचीं सरेखा, कला बाई व कविता के साथ भी मारपीट होने की बात कही गई है। घटना में अशोक राव, सरेखा, कला बाई व कविता घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अमन पंवार निवासी इंदौर ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि अशोक राव, प्रकाश राव व आकाश राव ने गाली-गलौज करते हुए हमला किया। प्रकाश राव पर तलवार से हमला करने तथा अशोक राव पर लकड़ी से मारपीट करने के आरोप लगाए गए हैं। इस पक्ष की ओर से अरुणा राव,अनीता पंवार व मनीषा सस्ते के घायल होने की जानकारी दी गई है। घटना के दौरान महिलाओं के बीच भी विवाद और हाथापाई हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने क्रॉस एफ आईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मूकबधिर जोड़ा बंधा विवाह बंधन में

**शाजापुर** । जिले के मोरटाकेवड़ी स्थित हिमालेश्वर धाम में एक मूक बधिर जोड़े शेरसिंह और मुस्कान ने बिना किसी शोर शराबे के इशारों इशारों में एक दूसरे को अपना जीवनसाथी चुन लिया ।शेरसिंह और मुस्कान दोनों ही बोल और सुन नहीं सकते, जब हिमालेश्वर धाम में वैदिक रीति रिवाजों के साथ उनकी शादी की रस्में शुरू हुईं तो पंडित अशोक दीक्षित के मंत्रोच्चार के बीच इस जोड़े ने अग्नि के सात फेरे लिए। दूल्हा दुल्हन ने बिना कोई शब्द कहे केवल अपनी आंखों और हाथों के संकेतों से जन्म जन्मांतर तक साथ निभाने का वादा किया, दूल्हे के पिता ईश्वर प्रसाद और दुल्हन के पिता दिनेश कुमार ने बताया कि दोनों ने अपनी मर्जी से साथ रहने का फैसला किया था। बच्चों की खुशी और उनके आपसी तालमेल को देखते हुए परिवार ने खुशी खुशी इस रिश्ते को मंजूरी दी।

# पटवारी खेत नापने निकले, लेकिन पुलिस ने मेढ़ ही बदल दी

**पोलिटिकल इनसाइड**

**मनोज पुरोहित**

यूं तो पटवारी का पद बहुत बड़ा होता है। फिर चाहे वह राजस्व विभाग का हो या कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का। हाल ही में प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर किसानों के नाम पर हाईवे जाम करने का शंखनाद हुआ। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी खुद मैदान में उतरे। इरादा था सरकार की चूले हिलाने का, लेकिन अंत में जो हिला, वो था केवल कांग्रेस का आत्मविश्वास। पटवारी ने आंदोलन की जरीब डाली तो बहुत लंबी थी। उन्हें लगा था कि चक्का ऐसा जाम होगा कि दिल्ली-भोपाल तक की गाड़ियां यहीं खड़ी-खड़ी हॉर्न बजाते हुए भाजपा नेताओं से इस्तीफा मांग लेंगी। उन्होंने नक्शा खींचा, मोर्चाबंदी की और किसानों को न्याय दिलाने का फीता लेकर सड़क नापने निकल पड़े। लेकिन उन्हें क्या पता था कि सामने वाली टीम यानी पुलिस ने पहले ही अतिक्रमण हटाओ दस्ते जैसी तैयारी कर रखी थी। पुलिस ने ऐसी घेराबंदी की कि आंदोलन का सीमांकन चप्पे-चप्पे पर हो गया। पटवारी जी जरीब लेकर खड़े रहे और पुलिस ने लाल स्याही से ऐसा घेरा बनाया कि आंदोलनकारी उसी में उलझकर रह गए। हाईवे पर चक्का जाम करने का मतलब होता है हजारों गाड़ियों का रेला। लेकिन यहां मामला फुस्सी पटाखा साबित हुआ। आंदोलन को लेकर पटवारी जी का जोश हाई था, लेकिन पुलिस के रूट डायवर्ट प्लान ने चक्का के बजाय कार्यकर्ताओं का उत्साह जाम कर दिया। जब पटवारी खुद खेत नापने निकले और पुलिस ने मेढ़ ही बदल दी, तो समझ लीजिए कि नक्शा खराब होना तय था। अक्सर आंदोलन में पुलिस विलेन होती है, लेकिन यहां पुलिस ने प्रबंधन गुरु की भूमिका निभाई। उन्होंने पटवारी जी को आंदोलन की जमीन तो दी, लेकिन उस पर बाउंड्री वॉल ऐसी खींच दी कि आंदोलन घर के आंगन का धरना बनकर रह गया। कांग्रेस के दिग्गज नेता अपनी जरीब समेटते रहे और पुलिस वाले दूर खड़े मुस्कुराकर पूछ रहे थे कि साहब सीमांकन पूरा हुआ या अभी और नापना बाकी है। इस पूरे आंदोलन से एक बात साफ हो गई कि राजनीति में केवल पद पटवारी का होने से काम नहीं चलता, फील्ड वर्क और जमीनी नब्ज का भी तालमेल जरूरी है। पटवारी जी ने आंदोलन की पैमाइश तो बहुत बड़ी की थी, लेकिन पुलिस के बस्ते में वो रिपोर्ट ऐसी दबी कि हाईवे पर ट्रैफिक नहीं, बल्कि कांग्रेस की उम्मीदें रेंगती नजर आई। अब प्रदेश की जनता यही कह रही है पटवारी साहब, अगली बार जब जरीब डालोगे, तो कम से कम पुलिस का नक्शा जरूर देख लेना।

**समन्वय का कितना असर होगा...**

आंदोलन के बाद प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने समन्वय बैठक भी आयोजित की। अब देखना है कि कबीलों में बटी कांग्रेस के कबीले एक-दूसरे से कितना समन्वय स्थापित करते हैं और इस बैठक का कितना असर जिले के कितने नेताओं के समन्वय पर रहता है। वहीं रुकी हुई सूची कब सभी कांग्रेस के कबीलों के सरदारों के समन्वय से जारी होती है।

**गए थे नमाज बख्शवाने, रोजे गले पड़ गए...**

वकील को कानूनी विद्वान कहा जाता है, लेकिन शाजापुर के ऐसे ही एक कानूनी विद्वान पाक्सो एक्ट में फंस गए। वे गए तो थे बचाव पक्ष की दलील देने, लेकिन उनका कानूनी ज्ञान ज्यादा होने से वे खुद को कानून के पंजे से नहीं बचा पाए। याने कि गए थे नमाज बख्शवाने और रोजे गले पड़ गए।

**अंत में...**

किसान के लिए बनाई गई रणनीतियां अक्सर खेत तक पहुंचते-पहुंचते महज कागजी लफ्फासी बनकर रह जाती है... असली फसल तो वो काटते हैं, जो मिट्टी में पैर तक नहीं रखते...

## नेहरू कॉलेज में ई प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**आगर मालवा । पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय आगर में उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित सत्र 2026-27 की ई प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की सुविधा एवं मार्गदर्शन के लिए प्राचार्य डॉ रंजू गुप्ता एवं प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ। गोविंद पाटीदार के निर्देशन में प्रवेश हेल्प डेस्क का गठन किया गया है।**

प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ. गोविंद पाटीदार द्वारा बताया गया कि ई प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश ऑनलाइन माध्यम से किए जाएंगे। प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी, दस्तावेजों की जांच, ऑनलाइन पंजीयन, विषय चयन तथा फीस संबंधी जानकारी प्रवेश हेल्प डेस्क के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए महाविद्यालय परिसर में सहायता काउंटर भी स्थापित किए गए हैं, जहां समिति के सदस्य विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्रवेश संबंधी संपूर्ण जानकारी प्रदान कर रहे हैं। समिति विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरने, दस्तावेज अपलोड करने तथा मेरिट सूची एवं काउंसलिंग प्रक्रिया की जानकारी देने में सहयोग करेगी। अग्रिणी महाविद्यालय के अंतर्गत अन्य शासकीय महाविद्यालय बड़ौद, सुसनेर, नलखेड़ा, सोयतकलां में ई प्रवेश प्रक्रिया का निरीक्षण डॉ। रंजू गुप्ता द्वारा किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर ई प्रवेश पोर्टल पर पंजीयन कर आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें। साथ ही किसी भी समस्या की स्थिति में महाविद्यालय में गठित मार्गदर्शन समिति से संपर्क कर सकते हैं।

## शत-प्रतिशत स्व गणना कार्य पूरा करने वाले प्रगणकों का सम्मान

**आगर-मालवा।** जनगणना प्रक्रिया के अंतर्गत मकानों की गणना एवं स्व गणना कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने वाले प्रगणकों का सम्मान समारोह गुरुवार को एसडीएम कार्यालय आगर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम मिलिंद ढोके तथा तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी विजय सैनानी आगर ग्रामीण द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों को सम्मानित कर उनके कार्य की सराहना की गई। सम्मानित किए गए प्रगणकों में आशा पालीवाल मालीखेड़ी, किरण नागले मालीखेड़ी, सोना सोनगरा चांदनगांव, आशा पालीवाल मलवासा, कालूराम मेहर कड़िया एवं प्रेम सिंह यादव कांकर शामिल रहे। कार्यक्रम में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिना खाद्य लाइसेंस चल रही थी मटन शॉप

## अवैध संचालन पर डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना

**आगर-मालवा। अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं पदेन न्याय निर्णयन अधिकारी आरपी वर्मा द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत एक प्रकरण में कार्रवाई करते हुए खाद्य कारोबारी पर 1 लाख 50 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।**

प्राप्त जानकारी अनुसार 24 फरवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लाल गड्डा, आगर स्थित हुसैनी मटन शॉप का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान संचालक अबरार पिता नियाज़ मोहम्मद कुरैशी, निवासी छोटा तकिया कसाई मोहल्ला, आगर बिना खाद्य लाइसेंस एवं पंजीयन के मटन शॉप का संचालन करते पाए गए। दुकान पर बकरे के मटन का अवैध रूप से संग्रहण, प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बकरे के मटन का नमूना लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया था। जांच में नमूना मानक स्तर का पाया गया। किंतु बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार संचालित किए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मामले में न्यायालय ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31(2) के उल्लंघन का दोषी मानते हुए धारा 55 एवं 58 के अंतर्गत आरोपी पर 1 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

### 15 दिन में जमा करना होगी राशि...

उक्त कार्रवाई तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी केएल कुम्भकार द्वारा की गई थी। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को 15 दिवस के भीतर जुर्माना राशि जमा करनी होगी। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर संबंधित तहसीलदार के माध्यम से भू राजस्व संहिता एवं अधिनियम की धारा 96 के तहत वसूली एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राशि जमा होने तक संबंधित खाद्य अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन निलंबित रहेगा।

**प्रभारी मंत्री चौहान आज जिले के दौरे पर** -जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान आज जिले के दौरे पर रहेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री चौहान प्रातः 9 बजे इन्दौर से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे सर्किट हाउस आगर पहुंचेंगे। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे जिला अधिकारियों की बैठक और दोपहर 2 बजे से जिला कोर ग्रुप की बैठक लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री चौहान अपराह्न 3 बजे आगर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

**एक नजर में** — बीकेएसएन कॉलेज में ऑनलाइन प्रवेश को लेकर कार्यशाला आयोजित

# त्रुटिरहित सत्यापन के लिए अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**शाजापुर । उच्च शिक्षा विभाग, मप्र शासन, भोपाल के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। विद्यार्थियों द्वारा पंजीयन उपरांत भरे गए आवेदन पत्रों का सत्यापन राज्य के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में नियुक्त सत्यापन अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है।**



इसी क्रम में अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ। एसके तिवारी के मार्गदर्शन में आईटी सेल एवं ई-प्रवेश जिला नोडल अधिकारी डॉ। अरुण कुमार बोड़ाने द्वारा महाविद्यालय में नियुक्त सत्यापन अधिकारियों को पॉवर पॉइंट प्रस्तुतीकरण एवं लाइव पोर्टल के माध्यम से सत्यापन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डॉ। बोड़ाने ने प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित सभी अधिकारियों को सत्यापन से संबंधित प्रत्येक बिंदु को स्पष्ट रूप से समझाया तथा त्रुटिरहित एवं पारदर्शी सत्यापन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे सावधानीपूर्वक एवं जिम्मेदारी के साथ सत्यापन करते हुए विद्यार्थियों के हितों को प्राथमिकता दें। प्राचार्य डॉ। तिवारी ने कहा कि सभी सत्यापन अधिकारी प्राप्त सभी आवेदनों का सत्यापन उसी दिन करना सुनिश्चित करें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं त्रुटि मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

## पोस्ट ऑफिस में लगेगा विशेष शिविर

**शाजापुर।** जिलेवासी पोस्ट ऑफिस में आसानी से अपना आधार अपडेट करवा सकते हैं, इसके लिए पोस्ट ऑफिस में शनिवार को विशेष शिविर लगाया जाएगा। जहां नगरवासी सुबह 8 से शाम 6 बजे तक अपना आधार अपडेट करवा सकते हैं। पोस्ट मास्टर हरीशंकर वट के अनुसार इस दिन डाकघर में विशेष अभियान चलाकर सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक आधार नामांकन और अपडेट का कार्य किया जाएगा। आधार अपडेशन अभियान के तहत लोगों के आधार कार्ड में संशोधन, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर और बायोमेट्रिक आदि आसानी से करवा सकेंगे। वर्तमान में स्कूल और कॉलेज एडमिशन के साथ अन्य आवश्यक दस्तावेजों में आधार की अनिवार्यता को देखते हुए शाजापुर डाकघर ने शिविर का लगाया है।